श्रम संसाधन विभाग
सरकार पक्ष
28 APR 2016
बिहार, पटना

श्रम अधीक्षक का कार्यालय, मधेपुरा

पत्रांक 151 /

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
मधेपुरा।

सेवा में,

सचिव, श्रम संसाधन विभाग-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
बिहार, पटना।

मधेपुरा, दिनांक 26/04/2016

विषय : कौशल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण हेतु प्रखंड मुख्यालय में सरकारी भूमि चिन्हित करने के संबंध में।

प्रसंग : भवदीय पत्र संख्या-टी-2/MES-25/2015-70, दिनांक 06-04-2016

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री के सात निश्चय के तहत राज्य के 10वीं उत्तीर्ण सभी छात्र /छात्राओं को संवाद कला तथा प्रारंभिक कम्प्यूटर ज्ञान का प्रशिक्षण हेतु प्रखंड स्तर पर कौशल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड स्तर पर 1200 वर्गफीट सरकारी भूमि कर्णांकित किये जाने का निदेश दिया गया है। इस पत्र के आलोक में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा द्वारा भूमि की उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन दिया गया है। प्रत्येक प्रखंड में भाषा संवाद एवं बुनियादी कम्प्यूटर ज्ञान केन्द्र हेतु जमीन चिन्हित कर लिया गया है।

भवदीय को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

जिलाधिकारी,
मधेपुरा।